हरिभूमि


# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 जुलाई 2026

06 4 घर, एक रात...चोरों ने 30 लाख से अधिक के...



09 बारिश रूठी तो सूखने लगी उम्मीदें धान उलट कर...





## खबर संक्षेप

### गोलापूर्व महासभा की बैठक आज सागर में

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की आगामी बैठक 19 जुलाई रविवार को सागर स्थित कटरा वार्ड के वर्णी वाचनालय सभागार मे आयोजित की जा रही है। महासभा के महामंत्री श्रेयांश जैन ने बताया कि दोपहर दो बजे से महासभा की बैठक मे गत बैठक की कार्रवाई का वाचन एवम पुष्टि होगी। आगामी परिचय सम्मेलन के स्थान चयन और तिथि निर्धारण के साथ कार्यक्रम पर चर्चा होगी। गोल्लाचार्य प्रतिभा सम्मान के संबंध मे विचार और बुंदेलखंड भवन निर्माण मधुवन शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी के संबंध मे चर्चा होगी। अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से रखे जावेंगे।

### आंगनवाड़ी केंद्र में सुरक्षित मातृत्व की दी गई जानकारी

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संचालित गतिविधियों के अंतर्गत सागर शहरी परियोजना-1 के चकराघाट वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-88 में मंगल दिवस के अवसर पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी सोनम नामदेव एवं सुपरवाइजर स्वाति राय के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा रजक एवं सहायिका सावित्री गंगेले द्वारा गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोद भराई की गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के सेवन तथा सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से संचालित सभी सेवाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राही महिलाएं एवं अन्य उपस्थित रहे।

### 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक

**सागर।** मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन और जलीय पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में जिले की सभी नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट ( मछली पकड़ना) पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दिया। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में अधिघोषित किया गया है। मछलीपालन विभाग के अनुसार छोटे तालाव या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को छोडकर समस्त नदियों जलाशयों में बंद ऋतु में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय परिवहन करना भी प्रतिबंधित है।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है।

### 1.20 लाख पौधे लगाकर खुरई विधानसभा क्षेत्र ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा: 'एक पेड़ मां के नाम' खुरई में जनअभियान बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में खुरई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत 1.20 लाख वृक्षों का पौधारोपण कार्यक्रम अपने लक्ष्य की प्राप्ति के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खुरई नगर पालिका के साथ मालथौन, बांदरी, बरोदिया कलां नगर परिषद क्षेत्रों तथा खुरई व मालथौन जनपद पंचायतों की सभी ग्राम पंचायतों के साथ सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सरकारी विभागों में पूरे उत्साह और पूरी तैयारी के साथ वृहद वृक्षारोपण करते हुए खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में एक लाख से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प पूरा कर गत वर्ष के कीर्तिमान से आगे बढ़ते हुए वृक्षारोपण का नया रिकार्ड बनाया गया। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जनसहभागिता से वृक्षारोपण के संकल्प को जनअभियान बनाते हुए खुरई की जनता ने ''ग्रीन खुरई क्लीन खुरई'' बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर सिद्ध की है इसके लिए खुरई विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता अभिनंदन की पात्र है।

खुरई की आवासीय कालोनी प्रांगण में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं से वृक्षारोपण और पर्यावरण के महत्व पर एक शिक्षक की भांति संवाद किया जिसमें प्रश्नोत्तरी के सशक्त माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को संरक्षण के लिए संकल्पित किया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, स्वच्छ पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का महाअभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक नागरिक को इस अभियान का सहभागी बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी परिवारों, युवाओं, विद्यार्थियों,



महिलाओं तथा सामाजिक संगठनों से आग्रह किया कि वे अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसके संरक्षण का भी संकल्प लें।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का नाम एक पेड़ माँ के नाम इसलिए रखा गया है क्योंकि मां और वृक्ष दोनों ही निस्वार्थ भाव से जीवनभर देते रहते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बिना किसी अपेक्षा के समर्पित रहते हैं, उसी प्रकार वृक्ष भी बिना किसी स्वार्थ के मानव जीवन को ऑक्सीजन, फल, छाया, जल संरक्षण और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपनी मां का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार प्रकृति और वृक्षों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा नैतिक दायित्व है।उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन का आधार वृक्ष हैं। मनुष्य कुछ समय भोजन और पानी के बिना जीवित रह सकता है, लेकिन ऑक्सीजन के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वृक्ष हमें निरंतर प्राणवायु प्रदान करते हैं। यदि वृक्षों की संख्या घटती जाएगी तो जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ती जाएंगी। इसलिए वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की रक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्ष वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जहां पर्याप्त हरियाली होती है वहां वर्षा भी बेहतर होती है, भूजल स्तर सुरक्षित रहता है तथा जल स्त्रोत लंबे समय तक जीवित रहते हैं। यदि वृक्षों का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में जल संकट और अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर लगाया गया पौधा भविष्य में जल, जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा का प्रहरी बनता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के जीवन का भी आधार हैं। पक्षियों का प्राकृतिक आवास वृक्ष ही हैं। यदि वृक्ष समाप्त हो जाएंगे तो असंख्य पक्षियों और जीव-जंतुओं का अस्तित्व भी संकट में पड़ जाएगा। प्रकृति का संतुलन तभी सुरक्षित रह सकता है जब वृक्षों, वन्यजीवों और जल स्त्रोतों का संरक्षण समान रूप से किया जाए।

## महापौर ने सूबेदार वार्ड में किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सागर।** नगर निगम द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण एवं हरित सागर अभियान के अंतर्गत महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सूबेदार वार्ड की पार्षद रुबी कृष्ण कुमार पटेल के साथ सूबेदार वार्ड स्थित गुलाबबाबा मंदिर परिसर के समीप पौधारोपण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महापौर संगीता ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर को हरा-भरा



और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। एवं अन्य पर्यावरणीय अभियानों के माध्यम से नागरिकों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पार्षद रुबी कृष्ण कुमार पटेल ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा क्षेत्र को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

## कृषक समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रर्दशन, 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी क्षेत्र में व्याप्त खाद संकट, मूंग उपार्जन में गड़बड़ी, ड्रग्स व्यापार, अघोषित विद्युत कटौती एवं अभ्यारण के विस्थापितों के पुनर्वास में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस ने स्थानीय कचहरी प्रांगण में नारेबाजी कर राज्यपाल के नाम 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पूर्व केबिनेट मंत्री हर्ष यादव के नेतृत्व में विगत शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रभावी प्रदर्शन में विभिन्न ग्रामों से आये सैकड़ों किसान, कांग्रेस पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान केन्द्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबजी की गई एवं महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार देवरी को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन आज वही किसान खाद, बिजली और अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने



मूंग खरीदी को केवल 25 प्रतिशत तक सीमित कर किसानों के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस की मांग है कि किसानों की 100 प्रतिशत मूंग की उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाए, ताकि किसानों को अपनी मेहनत का पूरा लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में डीएपी और यूरिया की भारी कमी से किसान परेशान हैं। कई स्थानों पर किसानों को घंटों कतारों में लगना पड़ रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जाए तथा खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही टोकन, कूपन और पोर्टल की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि अघोषि विद्यु कटोती बंद कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे आंकलित बिजली बिलों की भी जांच कर राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि देवरी विधानसभा में अवैध जुआ, सट्टा, शराब, गांजा, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है।

### विधायक ने किया सांदीपनि विद्यालय के अत्याधुनिक भवन का लोकार्पण

# अब यहां के बच्चों को बड़े शहरों जैसी शिक्षा और सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी: पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

रहली विधानसभा क्षेत्र के विकास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। क्षेत्र के विधायक गोपाल भार्गव ने सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित अत्याधुनिक भवन का भव्य लोकार्पण किया। 37 करोड़ 27 लाख की भारी-भरकम लागत से तैयार यह सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन अब क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य को संवारेगा। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रांगण में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया, जिसके बाद गणेश पूजन के साथ मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि यह सिर्फ एक स्कूल भवन नहीं, बल्कि रहली के बच्चों के सपनों को उड़ान देने वाला एक आधुनिक केंद्र है। उन्होंने बताया कि इस सर्वसुविधायुक्त



परिसर में बच्चों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें शामिल हैंःअत्याधुनिक लैबः कंप्यूटर प्रयोगशाला, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं और नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली अटल टिंकरिंग लैब। डिजिटल शिक्षाः पढ़ाई को आसान और रोचक बनाने के लिए स्मार्ट बोर्ड क्लासरूम और आधुनिक फर्नीचर। सर्वांगीण विकासः बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए संगीत, नृत्य व योग-ध्यान के विशेष शिक्षक। अन्य सुविधाएंः आधुनिक पुस्तकालय, प्ले एरिया, वातानुकूलित मीटिंग हॉल, डाइनिंग हॉल और आउटडोर खेल सामग्रियां। 37 करोड़ 27 लाख की लागत से बना यह भवन रहली के छात्र-छात्राओं को समर्पित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने अपने छात्र जीवन के दिनों को याद करते हुए भावुक अंदाज में कहा, मैंने भी इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है। हमारे समय में ऐसी आधुनिक सुविधाओं का सिर्फ एक सपना हुआ करता था, जो आज गोपाल भार्गव जी के भगीरथ प्रयासों से सच साबित हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे समय में ऐसी सुविधाएं इसलिए नहीं मिल सकीं क्योंकि तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। अगर उस दौर में भी भाजपा की सरकार होती, तो शायद हमें भी बचपन में ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल पातीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य दिलीप चौबे द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्कूल की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। मंच का कुशल संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक घनश्याम दुबे ने किया।इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय के नए भवन को देखकर बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर भारी उत्साह नजर आया।



## केन्द्रीय जेल सागर में 20 प्रहरियों को मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नति

**सागर।** केन्द्रीय जेल सागर में कार्यरत 20 प्रहरियों को मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। जेल के उद्योग परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में रमेशचन्द्र आर्य, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल सागर द्वारा सभी चयनित प्रहरियों को पदोन्नति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में मनोज मिश्रा (कार्यवाहक उप जेल अधीक्षक), गीता राठौड़, पंकज कुशवाह, सौरभ सिंह, अमित रघुवंशी सहित अन्य जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। पदोन्नत कर्मचारी (मुख्य प्रहरी) मुंशीलाल सैमिल, हजारीलाल राय, बनवारीलाल कुशवाह, विनोद दवे, इन्द्रपाल सिंह गौर, संजय पाराशर, अभयकांत, महेंद्र पांडे, उमेश कुर्मी, आनंद द्विवेदी, हरिकिशन अहिरवार, रूप सिंह गौड़, मगनलाल पटेल, उमेश कुमार नामदेव, उमेश मिश्रा, सुरेश गौतम, बालकृष्ण चढ़ार, बृजेश कुमार दुबे, प्रकाश पटेल, चन्द्रपाल जाटव।




## 11वीं जिला कुडो चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ 250 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

**सागर।** कुडो एसोसिएशन ऑफ सागर द्वारा कुडो एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित 11वीं जिला कुडो चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ आज आर्मी पब्लिक स्कूल, सागर में हुआ। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 18 एवं 19 जुलाई को आयोजित की जा रही है, जिसमें सागर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्षेत्रों से 250 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अनुश्री शैलेन्द्र जैन, अध्यक्ष, वूमेन लीगल काउंसिल, रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्मी पब्लिक स्कूल, सागर की प्राचार्य ज्योति दुबे ने की।मुख्य अतिथि अनुश्री शैलेन्द्र जैन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए आवश्यक है तथा इसे विद्यालयों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि वूमेन लीगल काउंसिल, कुडो एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के सहयोग से प्रदेशभर में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि कुडो आत्मरक्षा सीखने का एक अत्यंत प्रभावी एवं आधुनिक माध्यम है, जो शारीरिक क्षमता के साथ-साथ आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास करता है। इस अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ज्योति दुबे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव खेलों को प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आर्मी पब्लिक स्कूल कुडो खेल एवं खिलाड़ियों को जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हर संभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।



## चंद्रप्रभु शाखा की महिलाओं ने दयोदय गौशाला जाकर गौसेवा की

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की चंद्रप्रभु शाखा द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सूत्र वाक्य 'पशु सेवा सर्वोत्तम सेवा 'पर अमल करते हुए रतौना स्थित दयोदय गौशाला पहुंच कर गौसेवा की। सभी ने गौशाला में निवासरत गायों को गुड़ रोटी खिलाई, पशु आहार हेतु यथाशक्ति दान दिया। कोषाध्यक्ष नीतू जैन के परिवार ने माता जी की पुण्य स्मृति में पशु औषधि हेतु 11000 की राशि का चेक गौशाला प्रबंधन को प्रदान किया। सभी बहनों ने बीमार गायों को णमोकार मंत्र सुनाया, मरणासन्न गाय ने णमोकार मंत्र सुनते-सुनते प्राण त्यागे। परिषद की सदस्यों ने गौशाला के कर्मचारियों को वस्त्र भी वितरित किए गए। शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह ने बताया गौशाला में विगत 10 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टर अरविंद खरे के अनुसार यहां गायों की सेवा तन मन धन से की जाती है। बीमार पशुओं का बहुत अच्छी तरह ध्यान रखा जाता है । शाखा सदस्यों द्वारा पशुओं की सेवा में लगे डॉ अरविन्द करें का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन सचिव संध्या रांधेलिया, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी मंजरी जैन, सचिव नीना शाह, कोषाध्यक्ष नीतू रजनीश जैन, सदस्य मंजू, शरद, सरोज, आरती उपस्थिति रहीं। प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू मगन जी एवं संभाग अध्यक्ष शिवानी सिंघई ने इस सेवा कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### कटरा जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष बने हाजी उस्मान

**सागर।** वक्फ कटरा जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष पद पर हाजी उस्मान ताज को नियुक्त किया गया है। उनके अध्यक्ष बनने पर मस्जिद कमेटी के सदस्यों एवं शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान हाजी उस्मान ताज ने पुनः वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉ सनवर पटेल का भोपाल में स्वागत किया। इस अवसर पर हाजी उस्मान ताज ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता एवं आपसी सहयोग के साथ मस्जिद और वक्फ की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता, धार्मिक गतिविधियों के सुचारु संचालन तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## पुलिस की रात्रि गश्त और अपराध नियंत्रण व्यवस्था की खुली पोल

# 4 घर, एक रात...चोरों ने 30 लाख से अधिक के माल पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराध नियंत्रण के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस एक ओर विभिन्न अभियानों, रात्रि गश्त और अपराधियों में खौफ होने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर चोरों द्वारा चोरी की वारदात करके पुलिस को लगातार दी जा चुनौतियां से जमीनी हकीकत की कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। ताजा मामला बम्होरीकलां गांव का है, जहां चोरों ने एक ही रात में चार अलग-अलग मकानों को निशाना बनाकर 30 लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पुलिस की रात्रि गश्त और अपराध नियंत्रण व्यवस्था की भी खुली पोल खोल दी है। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात बदमाशों ने गांव निवासी गणपत कुशवाहा, बिंदी अहिरवार, संतोष अहिरवार और रईस पठान के मकानों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारियां और संदूक खंगाल डाले तथा लाखों रुपये के जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो टूटे ताले, बिखरा सामान और खाली अलमारियां देखकर उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोगों की भीड़ घटनास्थलों पर जमा हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चारों घरों से 30 लाख से अधिक कीमत के आभूषण और नकदी चोरी हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वास्तविक नुकसान का आंकलन पीड़ित परिवारों के बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। यदि यह अनुमान सही साबित होता है तो यह हाल के वर्षों में जिले की सबसे बड़ी चोरी की घटनाओं में शामिल हो सकती है।

घटना की सूचना मिलते ही बम्होरीकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने की बात कही है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा भी किया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे दावे पहले भी कई मामलों में किए गए, जबकि चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही हैं।

### फोटो रूपी सबूत दिखाकर की जा रही गश्त की खुली पोल

बम्होरीकलां पुलिस द्वारा आए दिन रात्रि गश्त की तस्वीरें और वीडियो जारी कर यह संदेश दिया जाता है कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। लेकिन बम्होरीकलां में एक ही रात में चार घरों में हुई बड़ी चोरी ने इन दावों की वास्तविकता पर सवालिया निशान लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वास्तव में प्रभावी गश्त हो रही होती तो बदमाश इतने लंबे समय तक गांव में घूमकर चार घरों में वारदात को अंजाम नहीं दे पाते। लोगों का आरोप है कि कागजों और सोशल मीडिया पर गश्त दिखाने और जमीन पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है।

### देश व प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ थाना की साख पर भी सवाल

बम्होरीकलां थाना देश के सर्वश्रेष्ठ थानों में 20वें स्थान और मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान का गौरव हासिल कर चुका है। 7 फरवरी 2025 को पुलिस महानिदेशक द्वारा इस थाने को उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए सम्मानित भी किया गया था। लेकिन अब इसी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाएं उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सम्मान तभी सार्थक माना जाएगा जब आम नागरिक अपने घरों में सुरक्षित महसूस करें।

### ग्रामीणों में दहशत, पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग

घटना के बाद पूरे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि अब रात में घर छोड़कर कहीं जाना या निश्चिंत होकर सोना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से केवल औपचारिक गश्त नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच, सक्रिय मुखबिर तंत्र और चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की है। एक ही रात में चार घरों में सेंध और लाखों की चोरी ने यह सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि यदि अपराधियों में वास्तव में पुलिस का खौफ होता, तो क्या वे इतनी बेखौफ होकर एक साथ चार बड़ी वारदातों को अंजाम देने का साहस कर पाते।

**कलेक्टर व आयुक्त से उच्चस्तरीय जांच की मांग**

# पूर्व नपा अध्यक्ष मलिक के निलंबन पर पार्षदों ने अब खोला मोर्चा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के विभिन्न दलों के पार्षदों ने स्थानीय स्वायत्त निकायों में कथित प्रशासनिक विसंगतियों, वित्तीय अनियमितताओं तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कलेक्टर एवं नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त को ज्ञापन भेजा है। पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार 'पप्पू मलिक' के निलंबन आदेश को एकपक्षीय, दुर्भावनापूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के निर्वाचित अध्यक्ष के विरुद्ध 26 फरवरी 2026 को जारी निलंबन आदेश राजनीतिक एवं प्रशासनिक द्वेष की भावना से प्रेरित प्रतीत होता है। उनका आरोप है कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले निर्वाचित जनप्रतिनिधि के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जबकि पूर्व वर्षों की वित्तीय गड़बड़ियों में कथित रूप से शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

पार्षदों ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2008 से 2022 तक के ऑडिट प्रतिवेदनों में लाखों रुपये की वित्तीय एवं तकनीकी अनियमितताएं तथा राजस्व हानि सामने आई थी। उनका आरोप है कि इन मामलों में तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, इंजीनियरों, लेखापालों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की भूमिका की जांच के बावजूद उन्हें संरक्षण मिला और उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार का चयनात्मक रवैया प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तथा संविधान में समानता के अधिकार की भावना के विपरीत है। पार्षदों ने मांग की है कि नगर पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध जारी निलंबन आदेश की निष्पक्ष समीक्षा कर उसे निरस्त किया जाए तथा वर्ष 2008 से 2026 तक नगर पालिका में हुई सभी कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की किसी स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच एजेंसी से जांच कराई जाए। पार्षदों ने यह भी मांग की है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित पक्षों के विरुद्ध तत्काल निलंबन और विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि स्थानीय निकायों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा-संजय नायक, कांग्रेस पार्षद अनीस अहमद, नफीसा फरीद खान, पूनम जायसवाल, ऊषा-सुरेंद्र सोनी, देवीदयाल अहिरवार, भाजपा पार्षद राखी-ध्रुव यादव, रामकुमार यादव, अरविंद्र रजक तथा निर्दलीय पार्षद अंशुल जैन ने संयुक्त रूप से पत्र लिखकर शासन-प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

**जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग**

इसके अलावा उक्त मामला अब विधानसभा तक पहुंच गया है। विधानसभा के नियम 138(1) के तहत विधानसभा अध्यक्ष को सूचना देकर नगर विकास एवं आवास मंत्री का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित किया गया है। सूचना में सवाल उठाया गया है कि यदि जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटाया गया और पांच वर्ष के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया, तो उसी जांच में जिम्मेदार बताए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। विधानसभा को भेजी गई सूचना में उल्लेख किया गया है कि तीन सदस्यीय जांच दल ने 23 जनवरी 2026 को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन अध्यक्ष सहित 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार माना था। इसके बावजूद शासन स्तर पर कार्रवाई केवल निर्वाचित अध्यक्ष के विरुद्ध की गई, जबकि जांच रिपोर्ट में उल्लेखित अन्य अधिकारी और कर्मचारी अब भी अपने-अपने पदों पर कार्यरत हैं। सूचना में इस स्थिति पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई में समानता और निष्पक्षता की आवश्यकता पर बल दिया गया है। साथ ही शासन से यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि जांच रिपोर्ट में जिम्मेदार बताए गए अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है अथवा कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

## अपराध, दुर्घटनाएं, हिंसा, आर्थिक संकट व गंभीर स्वास्थ्य की जड़ नशाः एसपी मंडलोई



टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जिलेवासियों के लिए जनजागरूकता एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के माध्यम से आमजन से नशे से दूर रहने, युवाओं को जागरूक बनाने, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना पुलिस को देने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई है। एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। नशे की लत केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इससे अपराध, सड़क दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती हैं, वहीं युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। एडवाइजरी में जिलेवासियों से किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ, शराब, गांजा, अफीम, स्मैक, सिंथेटिक ड्रग्स, नशीली गोलियों एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि किसी के दबाव, मित्रों के प्रभाव या दिखावे में आकर नशे की शुरुआत न करें। पुलिस ने अभिभावकों से विशेष रूप से बच्चों और युवाओं की गतिविधियों, संगति और दिनचर्या पर सकारात्मक निगरानी रखने की अपील की है। उन्हें खेल, शिक्षा, योग, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा व्यवहार में अचानक बदलाव या संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर समय रहते विशेषज्ञों और परिवार के सहयोग से उचित कदम उठाने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में आमजन से यह भी कहा गया है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों का निर्माण, बिक्री, परिवहन या तस्करी करता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। एसपी ने नशे के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाने के साथ परिवारों में तनाव और आर्थिक संकट पैदा करता है। इससे युवाओं का करियर प्रभावित होता है तथा अपराध और हिंसक घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिससे समाज में असुरक्षा और अव्यवस्था का वातावरण बनता है। नशे की लत से पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशीलता बरतने की अपील करते हुए पुलिस ने कहा कि ऐसे लोगों का तिरस्कार करने के बजाय उन्हें उपचार, परामर्श और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

# आने वाली पीढ़ियों के स्वच्छ, स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन का आधार है वृक्ष

**मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों संग किया पौधारोपण, मां की बगिया पहल की सराहना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 जुलाई को अपने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान नवीन कंट्रोल रूम परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ पौधारोपण किया और उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनते हुए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पुष्पा स्कूल की छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन देने का आधार भी हैं। उन्होंने बच्चों से प्रत्येक पौधे को परिवार के सदस्य की तरह सहेजने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मुख्यमंत्री को टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन परिसर में विकसित 'माँ की बगिया' केवल हरित परिसर विकसित करने की पहल नहीं, बल्कि मातृत्व, प्रकृति और संवेदनाओं को समर्पित एक प्रेरणादायी अभियान है। उन्होंने यह भी बताया कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अब तक 13 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनके संरक्षण और संवर्धन के लिए नियमित रूप से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। टीकमगढ़ पुलिस की पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहल की जानकारी प्राप्त कर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन और समाज की संयुक्त भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने टीकमगढ़ पुलिस की पहल को अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायी बताया। टीकमगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया कि विभाग पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व मानते हुए केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण और उसके विकास को भी समान महत्व दे रहा है। जनसहभागिता के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ वातावरण तैयार करने की दिशा में पुलिस लगातार प्रयासरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, समृद्ध और पर्यावरणीय दृष्टि से संतुलित भविष्य मिल सके।

## प्रदेश के महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्षों को मिला साझा मंच, राहुल बने अध्यक्ष, प्रांतीय पुस्तकालयाध्यक्ष संघ का हुआ गठन



टीकमगढ़। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्षों के हितों के संरक्षण, उनकी व्यावसायिक गरिमा के संवर्धन तथा महाविद्यालयीन पुस्तकालयों के समग्र विकास के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के तहत पंजीकृत प्रांतीय महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्ष संघ का गठन किया गया है। संघ के गठन के पीछे बदलते शैक्षणिक परिवेश और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की आवश्यकताओं को आधार बनाया गया है। वर्तमान समय में महाविद्यालयीन पुस्तकालय केवल पुस्तकों के संग्रह तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे ज्ञान, अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल संसाधनों और आजीवन अधिगम के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। ऐसे में पुस्तकालयाध्यक्षों की भूमिका भी पहले की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। संघ का प्रमुख उद्देश्य पुस्तकालयाध्यक्षों के सेवा, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना, प्रदेश के सभी महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्षों के बीच समन्वय, सहयोग एवं संवाद को मजबूत बनाना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप महाविद्यालयीन पुस्तकालयों को उत्कृष्ट ज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करना है। संघ उच्च शिक्षा विभाग के साथ रचनात्मक संवाद स्थापित कर पुस्तकालयों के विकास और पुस्तकालयाध्यक्षों से जुड़े नीतिगत विषयों पर सकारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत करेगा। संघ को पूर्णतः गैर-राजनीतिक, गैर-लाभकारी एवं गैर-व्यावसायिक संगठन के रूप में स्थापित किया गया है, जो पुस्तकालयाध्यक्षों के सम्मान, अधिकारों और व्यावसायिक उन्नयन के लिए कार्य करेगा। संघ की कार्यकारिणी में राहुल चतुर्वेदी को अध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार आठिया, डॉ. दीपक कुमार नामदेव, रमाकांत आठिया एवं डॉ. दीपक मीणा को उपाध्यक्ष, रामकिशोर सिंह को सचिव, डॉ. ज्योति जादौन को सह-सचिव तथा डॉ. गुलाब देवी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. शशिकांत खरे, डॉ. मनोहर सिंह दांगी, डॉ. पवन सिरोजिया, डॉ. ममता मलिक, संतोष कुमार कोरी, मोहन सिंह चढ़ार, अपर्णा चौबे, देव प्रजापति, अनुभव श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

**टीकमगढ़ के विकास का विजन रखा मुख्यमंत्री के सामने, विधायक हरिशंकर ने सौंपा 14 सूत्रीय मांगपत्र**

# शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन, रोजगार में जिले को पहचान दिलाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले की जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के टीकमगढ़ प्रवास के दौरान जिले के समग्र एवं दीर्घकालीन विकास को लेकर 14 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस मांगपत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, पर्यटन, सड़क, सिंचाई एवं नगरीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन मांगों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि टीकमगढ़ जिले को विकास की नई पहचान मिल सके और वर्षों से लंबित जन आकांक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सके। विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि टीकमगढ़ जैसे पिछड़े जिले के समग्र एबं दीर्घकालीन विकास को गति देने के उद्देश्य को लेकर की गईं इन मांगों को स्वीकृति मिलती है तो जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा, उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, पर्यटन को नई पहचान मिलेगी तथा कृषि और आधारभूत संरचना मजबूत होगी।

### इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भर गंभीर मरीजों के लिए शीघ्र बने मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में सबसे प्रमुख मांग टीकमगढ़ में शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की रखी गई है। विधायक का कहना है कि वर्तमान में गंभीर मरीजों को उपचार के लिए झांसी, सागर, ग्वालियर, भोपाल और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले और आसपास के हजारों लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। साथ ही चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### जिले के पलायन रूपी दाग को मिटाने रखी अभूतपूर्व मांग

विधायक हरिशंकर खटीक ने जिले में सीमेंट एवं रासायनिक खाद कारखाने स्थापित करने की मांग को भी प्रमुखता से रखा है। उनका मानना है कि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिले की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों की ओर होने वाला पलायन कम होगा। उन्होंने इसे टीकमगढ़ को औद्योगिक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### उच्च शिक्षा के विस्तार पर दिया विशेष जोर

शिक्षा के क्षेत्र में विधायक ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने शासकीय महाविद्यालय जतारा एवं पलेरा में स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाएं प्रारंभ करने, जतारा पॉलीटेक्निक कॉलेज का उन्नयन इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में करने तथा नगर जतारा में आईटीआई कॉलेज स्थापित करने का आग्रह किया। इसके अलावा लिधौराखास के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बम्होरीकलां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित करने तथा जतारा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग भी की गई। साथ ही खरगापुर और बड़ागांव धसान में नए शासकीय महाविद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

### फोरलेन सड़क से मिलेगा विकास को नया मार्ग

बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विधायक ने खिरिया नाका (मध्यप्रदेश सीमा) से टीकमगढ़, जतारा, पलेरा होते हुए नौगांव (छतरपुर) तक फोरलेन सड़क निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी।

### किसानों और नगरीय विकास को भी दी प्राथमिकता

कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए विधायक ने लिधौरा में शासकीय कृषि उपज मंडी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य और विपणन की सुविधा मिल सके। वहीं प्रशासनिक एवं नगरीय विकास के तहत सागर संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत चंदेरा को नगर परिषद का दर्जा देने की मांग भी की गई, जिससे क्षेत्र में शहरी सुविधाओं का विस्तार हो सके।

### पर्यटन और सिंचाई विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव

मांगपत्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास को भी प्रमुखता दी गई है। विधायक ने मातृधाम छिपरी को पर्यटन केंद्र घोषित करने तथा महाराजा छत्रसाल की जन्मस्थली मोर पहाड़िया (ग्राम दरियापुरा, तहसील लिधौरा) में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय मोर पहाड़ी महोत्सव आयोजित कराने की स्वीकृति देने का आग्रह किया। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इसके अलावा वर्षों से बंद पड़ी सतधारा बांध नहर परियोजना को पुनः प्रारंभ कराने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। विधायक का कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने से हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी हैं सभी मांगें

विधायक हरिशंकर खटीक ने मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में कहा कि प्रस्तावित सभी 14 मांगों का सीधा संबंध जिले की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं और भविष्य के विकास से है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि राज्य सरकार इन प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति देती है तो टीकमगढ़ जिला शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन, कृषि, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा तथा बुंदेलखंड के अग्रणी जिलों में अपनी मजबूत पहचान बना सकेगा। मुख्यमंत्री से उन्होंने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया।

## मौसम की बेरुखी से बदल रहा किसानों का मिजाज

# बारिश रूठी तो सूखने लगी उम्मीदें धान उलट कर बो रहे दूसरी फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानसून की कमजोर गतिविधियों के चलते कृषि प्रधान जिला माने जाने वाले श्योपुर में खरीफ फसलों पर संकट गहराने लगा है। बारिश नहीं होने से खेतों में नमी कम हो रही है और बाजरा, ग्वार, मूंग व ज्वार की फसलों की बढ़वार प्रभावित हो ही रही है, जिले की मुख्य फसल धान पर अवर्षा का विपरीत असर पड़ा है। जिन किसानों ने मोटा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से खेतों मे धान की रोपाई कर दी थी अब वही किसान खेतों मे पीली पड़ती दिख रही पत्तीयो से फसल बर्बाद होने का अंदाजा लगा चुके हैं और धान को उलट कर उसमें दूसरी फसल मूंग, तिल्ली, ग्वार आदि बुवाई करने मे जुट गए हैं।

पिछले कई दिनों से मानसून की रफ्तार थमने के कारण खरीफ सीजन की फसलें प्रभावित होने लगी हैं। लगातार बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मानसून की शुरुआती बारिश के बाद जिले में किसानों ने बड़े पैमाने पर धान की रोपाई की थी. इसके अलावा ग्वार, मूंग और ज्वार की भी बुवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन अब पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी तेजी से कम हो रही है और फसलों की बढ़वार रुकने लगी है। धान की फसल तो पूरी तरह बर्बाद होती दिखाई पड़ रही है। किसानों का कहना है कि इस समय खरीफ फसलों को अच्छी बारिश की सबसे अधिक जरूरत है, अगर शीघ्र ही बारिश नहीं हुई तो सूखा पड़ने की संभावना भी निर्मित हो जायेगी।



### अवर्षा से बिजली पर पड़ रहा अधिक लोड

आसमान से बारिश नहीं बरसने का खामियाजा अकेले किसानों को ही नहीं बिजली विभाग को भी भुगतना पड़ रहा है। सुखती फसल को बचाने के लिए बोर से सिंचाई ही एकमात्र साधन है और इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली की जरूरत होती है। शेड्यूल अनुसार भी अगर बिजली मिले तो भी खेतों को सिंचित करने में पर्याप्त नहीं है। खासकर धान की पौध जहां लगी हुई है वहां ऐसी स्थिति में किसान फसलों को बचाने के लिए बिजली विभाग पर और अधिक बिजली मुहैया कराने का दबाव बना रहे हैं और बिजली की खींचतान का नतीजा यह हो रहा है कि आए दिन फॉल्ट और ट्रांसफार्मर फूंक रहे है।

### जल्द बारिश नहीं हुई तो पड़ेगा विपरीत असर

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं, हालांकि आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव के साथ वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है. ऐसे में किसानों को मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर नजर रखते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी गई है। पहली बारिश के बाद फसलों की शुरुआत अच्छी रही थी, लेकिन उसके बाद बारिश नहीं होने से खेत सूखने लगे हैं. कई स्थानों पर फसलें मुरझाने लगी हैं। धान पर सबसे अधिक विपरीत प्रभाव पड़ा है।किसानों का कहना है कि यदि पर्याप्त बारिश नहीं होने से दोबारा बुवाई की नौबत आ गई है, समझदार किसान अवर्षा से सूख चुकी फसलों को उलट कर दूसरी फसल बोने लगे है सूख चुकी कुपोषित फसल को पालने के बजाए उसके स्थान पर दूसरी फसल बुआई करना ही समझदारी है।

### इधर पार्वती एक्वाडक्ट पर पहुंचा नहर का पानी

कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में छोडा गया पानी शनिवार की शाम को करीब 4 बजे के आसपास श्योपुर जिले की सीमा पर बने पार्वती एक्वाडक्ट पर पहुंच गया है। चंबल नहर में 1050 क्यूसेक ही पानी कोटा बैराज से छोडा जा रहा है और राजस्थान के किसान भी सिंचाई के लिए इस पानी का उपयोग कर रहे है, इसलिए पानी की रफ्तार बहुत धीमा है। विभागीय अधिकारियों की माने तो चंबल नहर में आए पानी के सोमवार तक श्योपुर शहर की सीमा में आने की उम्मीद है।

### इनका कहना...

मैंने अपने खेत में बटाईदार के माध्यम से 45 बीघा जमीन में धान रोपाई की थी लेकिन बारिश नहीं होने से पत्तियां पीली पड़ गई अब उक्त फसल को उलट कर मूंग की बुवाई इस उम्मीद से कर रहे हैं कि शायद मानसून अब आ जाए मानसून नहीं आने से किसान आधे बर्बाद हो गए हैं और 15 दिन नहीं आए तो पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

**डॉ विशाल शर्मा**
**किसान नयागांव श्योपुर**

---

## पत्नी के दुष्कर्म और अपहरण की रिपोर्ट नहीं लिखने का आरोप

# विजयपुर में युवक चढ़ा पानी की टंकी पर, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर में शनिवार को उस समय नाटकीय दृश्य देखने को मिला जब एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए टंकी से कूद कर आत्महत्या करने की धमकी देता रहा। युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी को नामजद लोगों ने अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया है लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय अपराधियों को बचाने में लगी हुई है। 3 घंटे तक चले इस ड्रामा में पुलिस ने युवक को उतारने का भरसक प्रयास किया लेकिन युवक ने पुलिस पर किसी भी तरह का विश्वास होने से इनकार कर दिया बाद में मीडिया कर्मियों द्वारा उसकी बात जनता तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया तो वह नीचे उतरा और 3 घंटे तक चले नाटकीय घटनाक्रम का पटाक्षेप हुआ।

शनिवार की सुबह 9:00 पानी की टंकी पर चढ़े धीरज खटीक निवासी, गोहटा ने टंकी से उतरने के बाद पत्रकारों को बताया कि उसका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था। उसने दो लोगो का नाम बताते हुए उन पर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह अपनी पत्नी के साथ पुलिस थाना विजयपुर गया तो पुलिस बालो ने कहा कि तुम कल सुबह आना उसके बाद जब प्रार्थी एवं उसकी पत्नी स्थानीय थाने गए तो वहाँ उपस्थित पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट लिखने के बजाए यह कहकर गसवानी थाने भेज दिया कि वहाँ महिला पुलिस अधिकारी रिपोर्ट लिखेगी। जब गसवानी पुलिस थाने पहुंचे तो वहाँ भी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट लिखने से साफ मना कर दिया। 'विजयपुर थाने वापस आने पर वहः उपस्थित पुलिस द्वारा पत्नी को थाने के भीतर बैठा लिया और बाद मे रिपोर्ट लिखने से साफ इंकार कर दिया। युवक ने आरोप लगाया कि 15 जुलाई को उसकी पत्नी अन्तिम बार पुलिस अभिरक्षा मे थाने परिसर में थी और उसके बाद से वापस नहीं आई है। जब प्रार्थी ने चिंतित होकर इस संबंध में थाने के पुलिस प्रशासन से पूछताछ की, तो पुलिसकर्मियों ने प्रार्थी के साथ अतंत अभद्र व्यवहार किया, उसे थाने के भीतर मारपीट कर भगा दिया। जिसकी वजह से उसे इस अपराध को सभी के संज्ञान मे लाने के लिए टंकी पर चढ़ना पड़ा।



इस संबंध में विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर का कहना है कि टंकी पर चढे युवक को समझाइस देकर नीचे उतरवा लिया है, इस दौरान वह जो आरोप पुलिस पर लगा रहा है, वह सरासर निराधार है। युवक अपनी पत्नी की मारपीट करता था,इसलिए पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस उसे जेल भेज चुकी है। जेल से छूटने के बाद उसने फिर से पत्नी को प्रताडित किया तो पत्नी अपनी मां के साथ मायके चली गई है।

---

# पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में चयनित 18 पूर्व प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण डाइट श्योपुर में गत 16 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। डाइट प्राचार्य राघवेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में डाइट के ईसीसी प्रभारी प्रदीप मुदगल एवं मास्टर ट्रेनर रामअवतार शर्मा द्वारा पांच आयाम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया दिया गया इन गतिविधियों के माध्यम से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे बच्चों को विशेष लाभ होगा और उनकी उम्र के हिसाब से उन गतिविधियों को करके बच्चे सीख सकेंगे।



## उल्लास अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर बीएल प्रजापति की गरीमामयी उपस्थित में ग्राम दुर्गापुरी में उल्लास अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत आम, अमरूद, शीशम, जामून इत्यादि छायादार फलदार पौधे रोपित किये गये एवं उनके संरक्षण हेतु ग्रामीणजन को संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर बीएल प्रजापति प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुशील कुमार विशेष न्यायाधीश, प्रतिष्ठा अवस्थी तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, संध्या मरावी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्योपुर व अन्य न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



---

# क्षेत्र के लोगों को विकास योजनाओं का लाभ दिलवाएं जनप्रतिनिधी:डॉ कैलाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगरीय एवं पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को विकास योजनाओं का लाभ दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। आमजन को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करें। यह बात शनिवार को मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने एक होटल में जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहर सिंह आदिवासी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अकोदिया, पूर्व अध्यक्ष पूरण आर्य सहित जनपद सदस्य, पार्षदगण, सरपंच आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने कहा कि आयोग स्तर पर समस्याओं को त्वरित रूप से सुनने के लिए विभाग द्वारा साफ्टवेयर तैयार कराया जा रहा है, जिस पर फोटो और वीडियो भी अपलोड हो सकेंगे। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अनुसूचित जाति क्षेत्रो में विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी प्रदाय की जा सकेगी, जिस पर तुरंत संज्ञान लेकर समाधान की कार्यवाही की जायेगी तथा सॉफ्टवेयर के माध्यम से समस्याओं के सुनने एवं उनके निराकरण में तेजी आयेगी। इस अवसर पर एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ जाटव द्वारा जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिये गये, जिसमें पूर्व सरपंच वीरमदेव बिसारिया, महेश कुमार जोनवार, पार्षद सुमेर सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश मीणा, सांसद प्रतिनिधि बाबू सिंह यादव,रामरूप बिसारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, सुल्तान जाटव, रामस्वरूप जाटव एवं रामरूप मीणा द्वारा अपने सुझाव एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई, जिनके समाधान का आश्वासन आयोग अध्यक्ष डॉ जाटव द्वारा दिया गया।

### हैलो, मैं अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बोल रहा हूं....

मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने शनिवार को कन्या महाविद्यालयीन स्तरीय छात्रावास पुलिस लाइन रोड श्योपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित उक्त छात्रावास के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावासी महाविद्यालयीन छात्रा कु. रसना बैरवा के पिता महावीर बैरवा निवासी अलापुरा को मोबाइल पर फोन लगाकर बातचीत की, इस दौरान उन्होंने कहा कि बालिका को छात्रावास में किसी तरह की परेशानी तो नही है, और इसकी पढाई कैसी चल रही है, इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि बालिका से मिलने के लिए कब-कब आते है, इस पर बालिका के पिता ने बताया कि छात्रावास में रहने के दौरान किसी प्रकार की समस्या नही है और शासन की योजना का लाभ मिल रहा है। वे समय-समय पर अपनी पुत्री से मिलने के लिए आते रहते है। इसके साथ ही आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने छात्रावास में अभिभावक से भेंट का रिकार्ड रखने वाले रजिस्टर का अवलोकन भी किया। उन्होंने सुबह के समय बालिकाओं को प्रदाय किये गये नाश्ते को चखकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अकोदिया, पूर्व अध्यक्ष पूरण आर्य, छात्रावास अधीक्षिका प्रीति सक्सैना आदि उपस्थित थे। एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव द्वारा छात्रावास के निरीक्षण के दौरान बालिकाओं से उनके भोजन, आवास तथा पढाई के संबंध में आत्मीय चर्चा की गई तथा छात्रावास में पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। डॉ जाटव द्वारा शासकीय श्री हजारेश्वर हायर सैकेण्डरी विद्यालय श्योपुर तथा बायपास रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास का निरीक्षण भी किया।



---


## शनिवार को दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में खाली पडे थे अधिकांश डॉक्टरों के चेंबर

# विवाद के बाद अस्पताल की ओपीडी में कम बैठ रहे डॉक्टर, इलाज के लिए भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल की ओपीडी में जिस दिन से डॉक्टर और मरीज के विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, उसी दिन से जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो गए है। वीडियो वायरल होने के बाद से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल की ओपीडी में बैठना भी कम कर दिया है। शनिवार को भी दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में अधिकांश डॉक्टरों के चैंबर खाली पडे हुए थे और मरीज इलाज के लिए डॉक्टरों को तलाशने के लिए इधर उधर भटकते नजर आ रहे थे। ओपीडी में डॉक्टरों के अधिकांश चेंबर खानी होने का वीडियो पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने ओपीडी में डॉक्टरो के कम बैठने की बात को गलत बताते हुए कहा कि जो हमारे पास डॉक्टर उपलब्ध है,वे सभी डॉक्टर ओपीडी में बैठने के साथही वार्डो में राउंड लेकर मरीजो को भी देख रहे है।

बता दे कि पिछले दिनों जिला अस्पताल की ओपीडी में एक मरीज और डॉक्टरों के बीच विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर डॉक्टरों ने एक लखन जाट नामक व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली थाने में शासकीय कार्य में व्यवधान, गाली गलौच और डॉक्टरों के साथ मारपीट करने संबंधी अन्य कई धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी। इस विवाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसको लेकर भी जिले के राजनेता और आमजन डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उनके इस कृत्य की खूब निंदा भी कर रहे है।



### जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंची प्रशासन की टीम

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीज और डॉक्टरों के बीच हुए विवाद की जांच कलेक्टर शीला दाहिमा के द्वारा करवाई जा रही है। ताकि मामले की वास्तविक सच्चाई सामने आ सके। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य की अगुवाई में प्रशासन की एक टीम जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंची। बताया जा रहा है कि जांच के लिए टीम के साथ पहुंचे डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने संबंधित डॉक्टरों सहित मौके पर उपस्थित स्टाफ के बयान दर्ज किए। अब यह टीम जिस व्यक्ति के साथ मारपीट हुई,उसके भी बयान दर्ज करेगी। जांच करने के उपरांत टीम अपनी रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

### जिला अस्पताल में रोजाना इलाज के लिए पहुंच रहे 800 मरीज

मौसम के बदलाव के चलते लोग बीमार भी अधिक हो रहे है। जिसका पता जिला अस्पताल की ओपीडी से चल रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 800 के आसपास मरीज विभिन्न प्रकार की बीमारियों की शिकायत लेकर पहुंच रहे है। बीते सोमवार को तो अस्पताल की ओपीडी 900 तक भी पहुंच गई थी। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढने पर जहां ओपीडी में मरीजों की भीड दिखाई पड रही है,लेकिन ओपीडी में मरीजों का इलाज करने के लिए डॉक्टर कम संख्या में बैठ रहे है। चूंकि जिला अस्पताल में स्टाफ की कमी की गंभीर समस्या है,ऐसे में जो उपलब्ध डॉक्टर है,वे भी ओपीडी में विवाद के बाद कम बैठ रहे है। जिसके चलते मरीजों की परेशानी अधिक बढ गई है। क्योंकि मरीजों को इलाज के लिए ओपीडी में डॉक्टर ढूंढने से भी नहीं मिल रहे है।

### इनका कहना है

ओपीडी के सभी चेंबरों में डॉक्टरों का बैठना संभव नहीं है। क्योंकि हमारे पास इतने डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। शनिवार को ओपीडी में चार चेंबरों में डॉक्टर बैठकर मरीजों को इलाज उपलब्ध करा रहे थे,जबकि कुछ डॉक्टर इमरजेंसी और वार्डो में राउंड लेकर मरीज देख रहे थे तथा एक दो डॉक्टर अवकाश पर भी थे।

**डॉ एसएन बिंदल**
**सिविल सर्जन, जिला अस्पताल श्योपुर**

यह बात सही है कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है मगर जो डॉक्टर उपलब्ध है, वे भी ओपीडी नहीं बैठ रहे है। डॉक्टर भय के कारण नहीं बैठ रहे या फिर लापरवाही के कारण, इसकी भी स्थिति साफ होनी चाहिए। क्योंकि ओपीडी में डॉक्टरों के नहीं मिलने से लोग अस्पताल पहुंचने के बाद भी बीमारी से तडप रहे है। शनिवार को ओपीडी का नजारा देखकर मन काफी दुखी हुआ है। कैसी भी हो, मगर जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं ठीक होनी चाहिए।

**बिहारी सिंह सोलंकी**
**समाजसेवी श्योपुर**

---

# नशे की लत हंसते खेलते परिवार को पहुंचा देती बर्बादी की कगार पर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने अपने महत्वपूर्ण उद्बोधन में विद्यार्थियों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने वैज्ञानिक और व्यवहारिक दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि युवाओं में नशे की लत कैसे पड़ती है और दृढ़ इच्छाशक्ति, योग, प्राणायाम, व्यायाम व सही मार्गदर्शन से इससे कैसे मुक्ति पाई जा सकती है। इसके बाद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. विपिन बिहारी शर्मा ने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से नशे के सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह एक व्यक्ति की नशे की आदत पूरे हंसते-खेलते परिवार को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर देता है। कार्यक्रम की अगली वक्ता डॉ. सीमा चौकसे ने अपने संबोधन में कहा कि जब कोई बच्चा नशे की दलदल में फंसता है, तो सिर्फ उसका जीवन ही नष्ट नहीं होता, बल्कि उसके माता-पिता के अरमान और सपने भी टूट जाते हैं। उन्होंने सजग करते हुए कहा कि युवा नशे के दुर्व्यसन से दूर रहें। इस गरिमामयी कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रेमचंद एक्का द्वारा किया गया। संगोष्ठी के सफल समापन पर सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार कार्यक्रम प्रभारी डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. नरेंद्र सिंह जाट, डॉ. राहुल सैनी,रमेश कुशवाह, अरविन्द दोहरे, देवीशंकर राठौर सहित समस्त कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए जन जागरण की शपथ भी दिलाई गई।



## गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत निंबध प्रतियोगिता आयोजित

श्योपुर। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में 15 से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम शनिवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में मेरे जीवन मै गुरु विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ममता इंदौलिया, नरेंद्र सोनी एवं शुभम शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया प्रतियोगिता दो वर्गों कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6-8)एवं वरिष्ठ वर्ग(कक्षा9-12) में आयोजित हुई, जिसका परिणाम सोमवार को घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु के अपने जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को विद्यार्थियों ने अपने रोचक तरीके से अपने शब्दों में लिखने का प्रयास किया गया। ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में अपने मन के भावों को लेखन में बदलने की भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने अपने जीवन पर गुरुओं के उपकार एवं गुरुओं का सम्मान करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरक प्रसंग सुनाए।



**खबर संक्षेप**

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिरावल निवासी भूपेन्द्र प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मीरका बाद निवासी उर्मिला बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिसिंह, धनवती, हरदेवी और नत्थीबाई बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी मलखान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव, वरूण,अरूण रघुवंशी और अन्य 10 लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर कुल्हाडी और फर्से से हमला किया और जीव,बाईक,स्कूटी तोड दी और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडरी सेहराई निवासी माखन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द कुशवाह और गोविंद मोबाइल वाले ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया निवासी निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सनी और सरवन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### लघु फिल्म का प्रसारण किया गया

**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एक प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें नशे एवं अन्य प्रकार के सब्स्टेंस एब्यूज से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर एवं समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

**पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा-अशोकनगर जिला विकास के रास्ते पर है अग्रसर**

# दिशा की बैठक में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने की चल रही योजनाओं की समीक्षा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा)की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा अशोकनगर जिले में संचालित 5200 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा कर कार्यों को गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनप्रतिनिधियों को मिली निगरानी की जिम्मेदारी

बैठक में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा जिले में चल रहे विकास कार्यो पर सतत निगरानी, प्रगति,गुणवत्ता के लिए विधायक, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन की संयुक्त टीम बनाई गई,जो मौके पर जाकर कार्यो की गुणवत्ता को देखकर प्रत्येक परियोजना की सतत मॉनीटरिंग सुनिश्चित करेगी। बैठक में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा अमृत 2.0 अंतर्गत शहरी जल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में वर्ष 2040 को दृष्टिगत रखते हुए जल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले की नगरीय निकायों को वर्ष 2040 की मांग अनुसार नगर पालिका अशोकनगर के लिए 13.17 एमएलडी पानी,नगरपालिका चंदेरी के लिए 7 एमएलडी, नगरपरिषद पिपरई में 3.42 एमएलडी, नगरपरिषद मुंगावली के लिए 7.30 एमएलडी,नगर परिषद ईसागढ के लिए 2.03 एमएलडी तथा नगर परिषद शाढौरा के लिए एक एमएलडी की उपलब्धता की मांग है। अशोकनगर में 17 करोड़ की राशि व्यय होगी और नंबंवर 2026 तक काम पूरा होगा। चंदेरी की 7 करोड़ की योजना है जो दिसंबर 2026 तक पूरी होगी, पिपरई 8 करोड की योजना है जो दिसंबर 2026 तक पूरी होगी और मुंगावली में 7 करोड की योजना है जो 2027 तक पूरी होगी।

### ट्रांसपोर्ट नगर के लिए निकाय मंत्री से 3 करोड की मांग की गई है

बैठक में नगरपालिका अशोकनगर द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर कुछ लोग रूचि नहीं ले रहे हैं और यहां वहां देख रहे हैं इस संबंध में नगरीय निकाय मंत्री से 3 करोड रूपए लेने का प्रयास कर रहा हूं ताकि ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो सके।

### चंदेरी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में 121 ग्रामों के किसान लाभानव्ति होगें

बैठक में 558 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली चंदेरी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि परियोजना की यथाशीघ्र टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य पूर्ण कर लोकार्पण का कार्य पूर्ण कराया जाए। 2024 में भूमि पूजन किया था, 170 करोड की योजना है,10 हजार हेक्टयेर लोकसभा क्षेत्र के 27 गांव हैं बांकी 8 गांव कुरवाई के हैं। जिससे चंदेरी, मुंगावली, पिपरई तहसील के 121 ग्रामों के किसान इस योजना से लाभान्वित हो सके। इस योजना के प्रारंभ होने से 28 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचिंत होगी।

### अशोकनगर में 10 करोड की लागत से गीता भवन बनाया जाएगा

बैठक में जिले की नगरीय निकायों में गीता भवन के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि नगरपालिका अशोकनगर, चंदेरी,नगरपरिषद ईसागढ़, पिपरई, शाढौरा में भूमि आवंटन हो चुका है। नगरपरिषद मुंगावली के लिए भूमि आवंटन हेतु कार्यवाही प्रचलन में है। अशोकनगर नगरपालिका द्वारा गीता भवन टकनेरी में बनाया जायेगा। जिसकी लागत 10 करोड़ रूपये है।

### चंदेरी में 50 बिस्तर के अस्पताल के निर्माण का रास्ता साफ

उन्होंने चंदेरी अस्पताल के नवीन भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा की।इस दौरान बताया कि नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उक्त भूमि पर निर्मित दो शासकीय भवन अधिग्रहित किये जाने संबंधी कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है।

### ठेकेदार को ब्लेकलिस्टेट किया

बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा 262 करोड़ रूपये की लागत से दूरी 81.3 किलोमीटर तक बनने वाले कुरवाई- मुंगावली- चंदेरी एनएच 346 रोड की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में कहा ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेट किया गया है और उसे नोटिस जारी कर 22 जुलाई तक का समय दिया गया है।

### जिला मुख्यालय पर रिलायंस बनाएगा नया कॉल सेंटर

उन्होंने जिला मुख्यालय स्तर पर कॉल सेंटर के नवीन भवन के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि ग्राम मारूप में भूमि आवंटित की गई तथा निर्माण कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसका निर्माण 06 करोड़ रूपये की लागत से कराया जायेगा। इसमें 592 को रोजगार मिल रहा है, एक फेक्ट्री में 100 लोगों को रोजगार मिलता है। 18 से अधिक आयु के इसमें रोजगार मिल रहा है, यह लखपति युवा की योजना है इसमें 20 से 25 हजार प्रतिमाह मिलते हैं। रिलायंस के द्वारा 6 करोड की राशि दी जा रही है और 40000 हजार वर्गफुट भूमि पर कार्यालय बनेगा।

**मल्टीपरपज स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निर्माण शिवपुरी की तरह होगा**

बैठक में जिला मुख्यालय पर बनने वाले मल्टीपरपज स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि शंकरपुर पछार में भूमि का आवंटन किया गया है। इसकी अगस्त तक डीपीआर तैयार की जाएगी। जिस तरह हमने शिवपुरी में बनाया है उसी प्रकार से अशोकनगर में बनाया जाएगा। बैठक में रातीखेडा-इटवा-मलखेडी-मोहरी-इंगलखेडी- अशोकनगर विदिशा रोड स्थित 12 किलोमीटर तक बनने वाले सड़क निर्माण के संबंध में निर्देश दिए कि रोड निर्माण कार्य हेतु शासन स्तर से सभी आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। यह योजना पहले 94 करोड की थी अब 118 करोड रूपए की है इसमें अब किसी तरह का परिवर्तन नहीं होगा, इसका फाइनल स्वरूप तैयार हो गया है।

### मेडीकल कॉलेज पीपी मोड पर मोहरी राय पर बनाने की तैयारी

केन्द्रीय मंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय के लिए ग्राम मोहरीराय में 10.034 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा अशोकनगर जिले में मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड में टेंडर राशि 260 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये है। उन्होंने टेंडर हेतु नवीन शर्तो का समावेश कर टेंडर प्रकिया कराये जाने के निर्देश दिए।

### सौन्दर्यीकरण को लेकर चौराहों को आधुनिक बनाया जाएगा

बैठक में शहरी क्षेत्रों के सौंन्दर्यीकरण के लिए 30 करोड रूपये की राशि निजी क्षेत्र की सीएसआर सहायता से क्रियान्वित की जायेगी। स्वीकृत राशि से नगरपालिका अशोकनगर द्वारा गुना रोड पर राज राजेश्वर मंदिर,ईसागढ़ रोड माता बीजासन कदवाया, विदिशा रोड मां जानकी करीला धाम तथा चंदेरी रोड पर मां जागेश्वरी, चंदेरी फोर्ट पर आधारित थीम गेट निर्माण सहित अन्य सौंन्द्र्यीकरण के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए।

### 73 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का निर्माण गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश

केन्द्रीय मंत्री द्वारा 270 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 73 किलोमीटर सड़क निर्माण लुकवासा-ईसागढ़- ढाकोनी- चंदेरी- राजघाट कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य निर्धारित मापदण्ड अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में किया जाए। बैठक में 134 करोड़ रूपये की राशि से बनने वाले शाढौरा से करीला माता मंदिर 54 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### बरखेड़ी में 63 करोड़ की लागत से बन रहा है 350 बिस्तर का अस्पताल

बैठक में जिला मुख्यालय के समीप बरखेडी में निर्माणाधीन 63 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 350 बिस्तरीय नवीन अस्पताल की निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।

### राजघाट जल आपूर्ति योजना का 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण

केन्द्रीय मंत्री द्वारा 1572 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन परियोजना राजघाट जल आपूर्ति योजना की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि इस परियोजना का 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है,शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए।

### रूठियाई बीना ट्रेन का समय 45 मिनट बढ़ाया जाएगा

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इन्दौर तक जाने के लिए जो बीना रूठियाई ट्रेन चलाई गई है वापिसी में इस ट्रेन को रूठियाई से अभी 8 बजे चलाया जा रहा है इस ट्रेन का समय 45 मिनट बढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड को उनके द्वारा पत्र लिखा जा रहा है, ताकि जनता को सुविधा हो सके।

## नशे को लेकर अशोकनगर पुलिस चला रही है जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।


इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना ईसागढ ने शिवपुरी पब्लिक स्कूल में, थाना चन्देरी ने मॉडल स्कूल चन्देरी में, थाना देहात, थाना शाढौरा, थाना सेहराई ने पीएमश्री स्कूल सेहराई में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के दौरान छात्र- छात्राओं, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने अपने जीवन में किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही स्वस्थ, स्वच्छ एवं सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार, समाज एवं भविष्य को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाती है। युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाएं तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने में सहभागी बनें। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करे। एक जागरूक समाज ही सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। अशोकनगर पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जिलेभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष जैन एडवोकेट के निवास पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर जिले के प्रवास के दौरान अशोकनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता और वरिष्ठकर सलाहकार सुभाष जैन एडवोकेट के निवास पर पहुंचे और सौजन्य मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उनके बड़े सुपुत्र राहुल जैन ने बताया कि पिछले दिनों उनके पिता सुभाष जैन की रीड की हडडी का



ऑपरेशन हुआ था, जिसके कारण वही घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने अशोकनगर जिले के समग्र विकास पर चर्चा की, राजनैतिक परिस्थितियों और संगठन की बेहतरी के लिए उनके सुझाव भी जाने। इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिकों में डॉ. डी.के जैन, जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी, डॉ. संतोष सोनी, सुरेन्द्र मानोरिया, प्रवीण मामा, राजेश तारई, दिनेश खैरा, अरूण लडडू, अभिषेक मोदी आदि उपस्थित थे। इस दौरान सुभाष जैन एडवोकेट के परिवारजनों द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, सलिल त्रिपाठी आदि का सम्मान किया।

## गुप्त नवरात्रि के मौके पर भोलेनाथ एवं पार्वती जी का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुप्त नवरात्रि महोत्सव के तृतीय दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विशेष श्रृंगार महिलाओं द्वारा किया गया। इस मौके पर पुरुषों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की श्रद्धा विशेष जल बरसाने के ऊपर रही पांच ब्राह्मणों द्वारा मत्रों से पूजन करवाई गई जिसमें महेंद्र मिश्रा भोलाराम मिश्रा, केशव मिश्रा आदि ने शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ पुजारी किशन लाल मिश्रा द्वारा किया गया उन्होंने दूध दही घी



सकर शहद गंगाजल से पंचामृत बनाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। फलो द्वारा भी अभिषेक किया गया। बाद में हवन पूजन करके महा आरती की तथा कन्याओं का सम्मान किया ब्राह्मणों को दक्षिणा दी गई। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ के भजन गए एवं माता के गीत भी गाए।

**प्रतिदिन लगभग 6000 यात्रियों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधा**

# पीएम के नेतृत्व में जिले को मिला आधुनिक अमृत स्टेशन

**अशोकनगर में हो रहा है नए भारत का नया उदय: ज्योतिरादित्य सिंधिया**









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 75 अमृत स्टेशनों के एक साथ वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत 37 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित अशोकनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और अशोकनगर का यह आधुनिक स्टेशन उसी परिवर्तन का सशक्त प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जैसे फूलों की माला के प्रत्येक फूल का अपना महत्व होता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के 75 अमृत स्टेशनों को एक साथ देश की जनता को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक प्रमुख रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर इस क्षेत्र के विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा गया है।

**स्टेशन के दूसरे हिस्से का भी होगा विकास, यात्रियों को मिलेगी और अधिक सुविधा**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि वर्तमान में अशोकनगर रेलवे स्टेशन के एक हिस्से का 37 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया गया है तथा आगामी चरण में रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर भी समान स्तर का विकास किया जाएगा। इससे स्टेशन पर दो प्रवेश और दो निकास द्वार उपलब्ध होंगे, जिससे यात्रियों की आवाजाही और अधिक सुगम होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 15-17 ट्रेनों का संचालन हो रहा है तथा प्रतिदिन 5 से 6 हजार यात्री इस स्टेशन का उपयोग करते हैं। आधुनिक स्टेशन बनने से प्रतिमाह लगभग डेढ़ लाख यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### अशोकनगर की ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक विकास का अद्भुत संगम

सिंधिया ने कहा कि सिंध नदी की समृद्ध धारा, अशोकनगर के ऐतिहासिक किले और विश्वविख्यात चंदेरी साड़ी जैसी सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध अशोकनगर आज आधुनिक भारत की नई पहचान बन रहा है जिसकी झलक रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण में भी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि अशोकनगर और शिवपुरी में आधुनिक अधोसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और विकास कार्यों के माध्यम से नए भारत का नया जयघोष सुनाई दे रहा है।

### रेल कनेक्टिविटी को और मिलेगा विस्तार

सिंधिया ने कहा कि क्षेत्र की रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीनादृकोटा रेलखंड के विकास, नैरोगेज से ब्रॉडगेज परिवर्तन के बाद कनेक्टिविटी को और मजबूत करने की दिशा में कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर में नई ट्रेनों के ठहराव, रेलवे अंडरब्रिज जैसी परियोजनाओं पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रारंभ हुई बीना-गुना-रुठियाई मेमू सेवा ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा दी है तथा यात्रियों की मांग के अनुरूप इसके समय में भी आवश्यक परिवर्तन कराया जाएगा, जिससे यात्रा और अधिक सुविधाजनक बन सके।

**रेल विकास की ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ा रही है सरकार** केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि रेलवे केवल परिवहन का माध्यम नहीं बल्कि विकास, रोजगार और क्षेत्रीय प्रगति का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे आज आधुनिकता, सुविधा और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित अशोकनगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करेगा।